मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-90
14/03/2022

मुख्यमंत्री ने अपराध नियंत्रण एवं विधि–व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 14 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल ने विधि–व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि इंवेस्टीगेशन के कार्य को बेहतर तरीके से ससमय पूर्ण कराया जाय ताकि अपराधियों को सख्त सजा दिलायी जा सके। अपराध अनुसंधान कार्य में किसी प्रकार की कोताही न हो, इसका सतत् अनुश्रवण करें। उन्होंने कहा कि अपराध का विश्लेषण जिला, अनुमंडल एवं थानावार करते रहें और दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विधि–व्यवस्था हर हाल में मेंटेन रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली एवं आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुये विशेष सतर्कता बरतें, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाय तथा गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन सह गृह श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******